नाबी की इन्वेस्टर्स मीट में दिए गए स्टार्टअप्स के लिए कई प्रजेंटेशन

जयपुर | नियाम एग्री बिजनेस इनक्यूबेटर (नाबी) ने स्टार्टअप्स के लिए इन्वेस्टर मीट आयोजित की। इसमें बैंको व प्राइवेट निवेशकों जैसे यस बैंक, मोरारका फाउंडेशन, लीड एंजेल्स, ओमनीवॉर इत्यादि ने भाग लिया और नाबी के अधिकतर स्टार्टअप्स को फंडिंग देने के लिए चयनित किया। संस्थान के महानिदेशक डॉ. पी. चंद्र शेकरा और संस्थान के निदेशक व चेयरपर्सन डॉ. रमेश मित्तल ने सभी इन्वेस्टरों का स्वागत किया और स्टार्टअप्स के बारे में जानकारी दी। स्टार्टअप्स ने अपना प्रजेंटेशन देकर इन्वेस्टरों को प्रभावित किया व प्रोजेक्ट्स के बारे में विस्तार से बताया। इन्वेस्टर मीट के अगले दिन टीम नाबी ने अपने सभी स्टार्टअप्स के दीक्षांत समोराह के आयोजन किया। इसका समापन संस्थान निदेशक डॉ. रमेश मित्तल और नाबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए सर्टिफिकेट देकर किया। समापन के अंत में सभी स्टार्टअप्स प्रतिभागियों ने बताया की उनकी 2 माह की आवासीय ट्रेनिंग बहुत सफल रही है। इस ट्रेनिंग से उन्होंने बहुत कुछ सीखा है और आगे चल कर ट्रेनिंग में दी गयी सारी जानकारी उनके भविष्य में उपयोगी साबित होगी।